हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
जबलपुर, सोमवार 8 अप्रैल 2024
login : www.haribhoomi.com


## खबर संक्षेप

### आज शिवराज सिंह बड़चिचोली, धनोरा और चांवलपानी में करेंगे आमसभा को संबोधित

**छिंदवाड़ाः** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान चौहान छिंदवाड़ा की तीन विधानसभा सीटों पर जनसभा करेंगे। वे पहले छिंदवाड़ा की पांढुर्णा विधानसभा के बढ़चिचोली में सुबह 11.30 बजे पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात अमरवाड़ा विधानसभा के धनौरा में दोपहर 3.30 बजे आमजन से संवाद करेंगे। जिसके उपरांत पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जुन्नारदेव विधानसभा अंतर्गत तामिया मंडल के ग्राम चावलपानी में 5.30 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम पश्चात श्री चौहान होशंगाबाद लोकसभा के पिपरिया के लिए प्रस्थान करेंगे ।

### नगर में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में आज नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा स्वीप प्लान के अनुसार मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये शिव आदित्य धाम कॉलोनी छिंदवाड़ा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया ।

### 25 से पूरक परीक्षाएं डीडीसी कॉलेज में होंगी प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ.लक्ष्मीचंद ने बताया कि महाविद्यालय की तृतीय वर्ष की सैध्दांतिक मुख्य परीक्षा और पूरक परीक्षा व्दितीय अवसर (दो पेपर प्रणाली) आगामी 25 अप्रैल 2024 से दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा में प्रारंभ होंगी। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को निर्देश दिये हैं कि परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के साथ निर्धारित गणवेश में परीक्षा स्थल पर समय पर उपस्थित रहें ।

### चावलपानी मार्ग पर हुई घटना, आग लगने के पीछे नाकेदारों का जंगल में भ्रमण नहीं करना है कारण

# कुरंगला के जंगल में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया उपवन मंडल की रेंज झिरपा, के नाकेदार नाके पर, रहते नहीं है। इसीलिए इस रेंज में वन अपराध अक्सर घटते रहते हैं। इससे वन संपदा एवं वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण की लंबी फेहरिस्त है। लेकिन वर्तमान में जंगलों में आग लगने को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने सभी रेंजर को निर्देश दिए जा चुके हैं। लेकिन झिरपा रेंज में पिछले हफ्ते से जंगल में आग लगने की घटनाएं आम होने लगी हैं।

कुरंगला के जंगल में तो जंगल का बहुत बड़ा भूभाग आग लगने के कारण प्राकृतिक द्वारा दिए गए। पौधे इस आग में नष्ट हो गए। इतने बड़े भूभाग में आग लगना और विभाग की लापरवाही निरंतर रहना। इस रेंज का दुर्भाग्य ही कहा जाए कि आज जंगल में आग लगने की घटना दोवारा हुई और झिरपा से चावलपानी मार्ग पर एक किलोमीटर दूरी पर ही सड़क किनारे जंगल में आग लगी लेकिन किसी वन कर्मचारियों ने इस आग को बुझाने कोई प्रयास नहीं किया और इस तरह घंटो आग जलती रही और पौधे इसमें नष्ट होते रहे, इसी से सावित गया है कि या तो रेंजर का अपने नाकेदारों पर नियंत्रण नहीं है या उन्हें उनका वरदहस्त प्राप्त है कि जो मर्जी करो। आज चावल पानी मार्ग पर झिरपा से एक किलोमीटर दूरी पर लगी आग तो कम से कम यही सिद्ध कर गई ।

सनद रहे कि देहगांव में आरईएस का तालाब निर्माण चल रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा विभाग की सीमा का बोध कराने वाला मुनारा तोड़ गया था। लेकिन मामला, ठेकेदार से मुनार बनवाकर कार्यवाही की। बजाए इसे सुधारवाना ही उचित समझा। इसी तरह आरईएस विभाग के कई तालाब वन भूमि की सीमा में बनाए गए हैं जिनमें बहुत वन भूमि इन तालाबों में दब गई । लेकिन यहां भी मामला सिफर से आगे रेंजर महोदय ने नहीं बढ़ने दिया। इस तरह आज लगी आग और रेंजर की कार्य प्रणाली दोनों में लापरवाही देखने मिली और अनमोल वन संपदा के रूप में आने वाले पौधे को कुरंगला के जंगल एवं चावल पानी मार्ग पर जलकर खाक हो गए।

इन दोनों जगह जंगल में लगी आग से वन विभाग को कम से कम सबक लेकर वन संपदा को आग में जलने से रोकने कारगर कदम उठाने होंगे। नहीं तो इस रेंज में आग लगने से जो वन संपदा को हानी हो रही है। उसकी भरपाई करना मुश्किल हो जाएगा।

### परासिया पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज

## पेंच नदी के पानी में उतरता मिला युवक का शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

रविवार की सुबह नगर पालिका परसिया वार्ड क्रमांक 10 निवासी सूरज पिता मूलचंद यादव 24 वर्ष की मायावाड़ी स्टाप डेम के समीप गहरे जल में उतराती हुई लाश मिली ।जानकारी के अनुसार सूरज शुक्रवार से लापता था । परिवार जनों ने शनिवार को परासिया पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज की थी । खोज खबर लेने के बाद परिवार जनों को नदी में तैरती हुई लाश मिली । जिससे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई गई। मृतक नदी में कैसे डूबा इसकी जानकारी नहीं मिली है। मृतक सूरज शुक्रवार को नदी में मछली मारने पहुंचा था।

## हिंदू मुस्लिम ने मिलकर किया रोजा इफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

जनपद सदस्य एवं भाजपा नेता योगेश यादव ने अंजुमन परिसर में रोजा इफ्तार करवाया। इनके साथ अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि हर वर्ष भाजपा नेता योगेश यादव के द्वारा मुस्लिम समाज के लोगों को रोजा इफ्तार करवाया जाता है इस वर्ष भी रोजा इफ्तार पार्टी इनके द्वारा मुस्लिम समुदाय को दी गई, जिसकी प्रशंसा समुदाय विशेष के लोगो ने करते हुए बताया की भाजपा नेता एवं जनपत सदस्य योगेश यादव व इनकी मित्रमंडली सिंगोड़ी में होने वाले सभी समुदाय के धार्मिक सामाजिक पर्वो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है और सभी समुदाय एवं ग्रामीण के सुख दुख में खड़े होकर एक दूसरे की मदद करते है। इस अवसर पर सदर अंजुमन कमेटी इलमन भाई , नायक सदर रमजान भाई, सेक्रेटरी इरफान मंसूरी, बकिउल्लाह साहब,अल्प संख्यक मोर्चा मंडल के अध्यक्ष राजिक मिस्किनी किशोर साहू मोहित साहू,इरफ़ान भाई मोटर आमील मिस्किनी,साकिर भाई जाफर भाई नय्यूम भाई, पूर्व अल्पसंख्यक अध्यक्ष इरफान भाई,सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा ने किया घर घर जनसंपर्क

**जुन्नारदेव।** मोदी सरकार द्वारा 10 वर्षों में किया विकास कार्य को लेकर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के पक्ष में मतदान करने के लिए वार्ड नंबर 03 घर-घर जाकर मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य एवं विकसित भारत मध्य से आगे बढ़ाने के लिए 19 तारीख को कमल फूल की बटन दबाने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सलोडे, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अनिरुद्ध बूटा चटर्जी, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सूर्यवंशी, पार्षद अपील समिति सदस्य संजय मदन लाल जैन मतदाताओं से विन्नम अपील की गई और और लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के लिए वार्ड की महिलाओं से घर-घर संपर्क कर आशीर्वाद मांगा, नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया विकास दास वर्षों में मोदी सरकार ने देश में ऐसे ऐतिहासिक काम किए हैं जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी इसीलिए इस बार भारतीय जनता पार्टी ने जो नारा दिया है अबकी बार 400 पार के साथ ही लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू को जीत के संकल्प के साथ वार्ड नंबर 3 की समिति कार्य कर रही है इस कार्यक्रम में बूत अध्यक्ष गणेश सलोडे, नितेश राजपूत,कपिल शुक्ल, उज्वल मिश्रा, एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## विधायक हम, सांसद हम, सीएम हम दूसरे को मौका नहीं

### कमलनाथ पर सीएम मोहन ने किया सीधा वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



विधायक हम, सांसद हम और सीएम भी हम अरे पांढुर्ना और छिंदवाडा जिले के किसी व्यक्ति को आगे बढने का मौका दोगे या नहीं ? गुजरी बाजार में संपन्न सभा के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह सवाल उछाल कर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर सीधा हमला किया। 45 साल तक छिंदवाडा में राज करने के बाद भी मुझे छिंदवाडा का विकास करना है वाले कमलनाथ के बयान की खिल्ली उडाते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने सवाल पूछा कि विकास करने के लिए किसी को कितने साल चाहिए ? पांढुर्ना जिले के नागरिकों दिलों के तार छेडते हुए मुख्यमंत्री महोदय ने कहा कि कमलनाथ चाहते तो पांढुर्ना को पहले ही जिला बना सकते थे लेकिन इन्होंने नागरिकों की भावनाओं की बिलकुल कदर नहीं की। जबकि हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोगों की मांग पर पांढुर्ना जिलें की ना सिर्फ घोषणा की बल्कि इसे केवल 45 दिनों में पूरा कर दिखाया। मुख्यमंत्री महोदय ने कहा कि कांग्रेस को आदिवासियों के केवल वोट चाहिए लेकिन जब विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री या राष्ट्रपति बनाए जाने का मौका आता है तो किसी और को बना दिया जाता है। इन्हें छिंदवाडा लोकसभा क्षेत्र में सांसद बनाने के लिए 16 लाख मतदाताओं में से एक काबिल व्यक्ति नहीं मिलता है। सीएम ने कमलनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इनकी गिनती भारत के बडे उद्योगपति में आती है लेकिन छिंदवाडा या पांढुर्ना में इन्होंने 1 भी कारखाना नहीं खोला जहां बेरोजगारों को मौका मिल सके। सीएम ने भाजपा के उम्मीदवार बंटी उर्फ विवेक साहू को भारी बहुमतों से जिताकर प्रधानमंत्री नरेदंर मोदी के हाथ मजबूत किए जाने की अपील सभी मतदाताओं से की है।

## 584 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने किया घर पर मतदान

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र दिंवाड़ा में 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के 1293 ऐसे मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा के विकल्प का चयन किया है। आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में 05 अप्रैल से होम वोटिंग का कार्य प्रारंभ हो गया है। छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों में घर पर मतदान कराने के लिए 76 मतदान दलों का गठन किया गया है जो ऐसे मतदाताओं के घर पर पहुंच कर मतदान दलों द्वारा आयोग की गाइड लाइन के अनुसार घर पर ही पोलिंग बूथ बनाकर मतदान कार्य करा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक श्री दुसमान्ता कुमार बेहेरा ने भी आज विधानसभा छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक-35 इमलीखेड़ा के मतदान केन्द्र क्रमांक-30 के दिव्यांग मतदाता श्री सुकराम साहू के निवास पर होम वोटिंग सुविधा के अंतर्गत मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण किया। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट श्री राहुल कुमार पटेल ने जानकारी दी है कि प्रथम भ्रमण के प्रथम दिवस 05 अप्रैल को कुल 626 मतदाताओं ने और आज दूसरे दिन 06 अप्रैल को कुल 584 मतदाताओं को मिलाकर अभी तक कुल 1210 मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाया है। प्रथम राउंड के तहत मतदान दल 07 अप्रैल को भी शेष मतदाताओं के घर जाकर मतदान कराएंगे। प्रथम राउंड में अनुपस्थित वोटर्स के लिए द्वितीय राउंड 14 अप्रैल को मतदान दल उनके घर जाकर मतदान कराएंगे।



## कांग्रेस की सौंसर के वार्डों में दिन रात हो रही बैठकें, बन रही रणनीति



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को सौसर शहर में अधिक मतदान मिले इस उद्देश्य को लेकर विधायक विजय चौरे के नेतृत्व में सौसर नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में नगर के सभी वार्डों में बैठक लेते हुए पूरा मुख्यमंत्री कमलनाथ सांसद नकुलनाथ एवं कांग्रेस की ओर से किए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए आगामी 19 अप्रैल को संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ को विजय बनाने की अपील कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही है।नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय ठाकरे, अतुल जुननकर ने बताया लोकसभा प्रत्याशी नकुलनाथ को विजय बनाने के लिए घर-घर में पहुंचकर कांग्रेस एवं पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा किए गए विकास कार्य की जानकारी देते हुए कांग्रेस को विजय बनाने का निवेदन किया जा रहा है।कांग्रेस नेताओं के साथ में विधायक विजय चौर के द्वारा सौसर नगर के जय कांग्रेस विजय कांग्रेस वार्ड नं 1,2,3,4 में घर-घर जाकर नगरवासियों से मुलाकात एवं कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन पदाधिकारी की बैठके लेते हुए लोकसभा चुनाव के कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी नकुल नाथ को प्रचंड मतों से विजयी निवेदन कर रहे है।

## नकुलनाथ के पास धनबल है, हमारे पास ग़रीब कल्याण के नायक मोदीजी है : बंटी साहू

### चौरई विस के बिछुआ, तुमडागढ़ी, खमरपानी, खमरा, थोटामाल, गुमतरा में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने चौरई विधानसभा क्षेत्र के बिछुआ, तुमडागढ़ी, खमरपानी, सावरी, धनेगांव, कुर्सीपार, सिलोठाकला, मोया, खमरा, थोटामाल, गुमतरा में जनसंपर्क किया। इस दौरान जगह-जगह उनका स्थानीय लोगों द्वारा ढोल-तासे के साथ पुष्पवर्षा और आतिशबाजी कर स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने कहा कि नकुलनाथ के पास धनबल है और हमारे पास गरीब कल्याण के नायक मोदी जी हैं। सत्ता में बने रहने के लिए नकुलनाथ केवल धन का उपयोग कर चुनाव जीतना चाहते हैं, छिंदवाड़ा की जनता और उनके दुख-दर्द से कोई सरोकार नहीं है।

छिंदवाड़ा मॉडल का नारा लगाते-लगाते नकुलनाथ छिंदवाड़ा को ठगकर उद्योगपति बन गए हैं। नकुलनाथ ने अपने धनबल का उपयोग कर विज्ञापनों के माध्यम से झूठ गढ़ा है। श्री साहू ने कहा कि नकुलनाथ का सिर्फ छलावा है। 45 सालों में छिंदवाड़ा को अच्छे शिक्षा संस्थान भी नहीं दे पाने वाले नकुलनाथ वर्ल्ड क्लास एमआईटी ग़ाज़ियाबाद के मालिक हैं।

इन्होंने वर्ल्ड क्लास एमआईटी ग़ाज़ियाबाद में खोला, छिंदवाड़ा में इसीलिए नहीं खोला क्योंकि नकुलनाथ छिंदवाड़ा में सस्ते मज़दूर तैयार कराते हैं। जहां छिंदवाड़ा के बच्चों की बड़े शहरों में तनख्वाह इतनी कम होती है कि वे अच्छे से गुजर बसर भी नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर छिंदवाड़ा में एमआईटी जैसे कॉलेज खोल देते तो यहां के युवा पढ़-लिख जाते जिससे इनकी राजनीति समझ जाते। भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले को विकास का मॉडल बताने वाले नकुलनाथ को विधानसभा चुनाव के दौरान आदिवासी अंचल जुन्नारदेव के बिलावर कलां गांव में घुसने नहीं दिया गया था। बड़ी मान-मनौव्वल के बाद लिखित आश्वासन देने पर गांव में प्रवेश दिया गया, लेकिन जैसा कि कांग्रेस की आदत है, चुनाव जीतने के बाद आज तक नकुलनाथ ने उस गांव का रूख नहीं किया।

## मां कर्मा जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने दी प्रस्तुति

### मां कर्मा जयंती पर हुए रंगारंग कार्यक्रम, सामाजिक लोग रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



तेली समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि सेवा ,त्याग ,भक्ति , समर्पण की देवी माता कर्मा बाई देवी की 1008 वी जयंती दिवस दिनांक 6 अप्रैल को बड़ी धूमधाम से हर्षोउलास के साथ मनाया गया प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 6 अप्रैल को बड़ी धूमधाम से अन्नपूर्णा लॉन में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सुबह से ही हवन पूजन किया गया समाज के सभी पुरुष एवं महिलाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ हवन पूजन में भाग लिया उसके बाद रात्रि में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया बच्चों ने सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर चढ़कर एक से एक प्रस्तुति दी गई 6 साल से 12 साल तक के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी सभी प्रतियोगी बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम उपरांत सभी सामाजिक बांधों के द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया साहू समाज के अध्यक्ष श्री अशोक साहू के द्वारा समाज के सभी लोगों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बधाई दी गई एवं लगातार समाज के उत्थान के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## सौंसर व्यापारी संगठन ने आयोजित किया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सौसर।** रविवार को नगर के अभिनव क्लिनिक फवारा चौक परिसर में व्यापारी संगठन सौंसर एवं रेमेडीया हॉस्पीटल नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ।रोग निदान शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ व्यापारी संगठन अध्यक्ष दिलीप बागडे, अभिनव क्लिनिक संचालिका श्रीमती डॉक्टर भाग्यश्री राजेश गावंडे सुरेश गवनेकर, के द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान नागपुर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा शिविर में आए हुए मरीजों का निशुल्क जांच करते हुए मार्गदर्शन दिया। रोग निदान शिविर में व्यापारी संगठन के शेषराव आप्पा, श्यामराव धवले शेषराव वानखड़े जयंत गुरु राजेश शुक्ला,राजेश लोणारे नरेन्द्र कुकडे सुरेश गवनेकर मनोज माहेश्वरी भैय्यालाल बाविस्टाले महेन्द्र लोणारे गोल्डी ठाकुर,तरुण जयस्वाल गुडडु पालीवाल दीपक जैन, पकज बागाणी यादव बेन्डे जोगसिह राजपुरोहित पकज साबु, श्रीकान्त पोस्ते उपस्थित थे। शिविर में ई.सी.जी.एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। शिविर में डॉ.आशिष सुंड़े एमडी हृदय रोग एवं डायबिटिज तज्ञ,डॉ. सोनल सुंडे,स्त्री रोग, निःसंतान एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन,डॉ.अजय नेनवानी. (हड्डी रोग विशेषज्ञ,डॉ.राजश्री निंबुरकर एमडी मानसिक रोग तज्ञ,डॉ.आदर्श लालवानी,डॉ.कल्याणी सुरकार,राजेश गावड़ेआदि अपनी सेवाए दी। व्यापारी संगठन के अध्यक्ष दिलीप बागडे ने बताया कि नगर वासियों एवं मरीज को विशेषज्ञ डॉक्टरों की निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध दो इस उद्देश्य को लेकर व्यापारी संगठन के द्वारा निरंतर ऐसे आयोजन क्षेत्र में किए जाते हैं।

### मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, प्रसाधन आदि की बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा

# कलेक्टर और एसपी ने मतदान केंद्रों पर जाकर देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री आज विधानसभा क्षेत्र चौरई के अंतर्गत तहसील बिछुआ पहुंचें और महाराष्ट्र बॉर्डर से लगे सीमावर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ ही कुल 12 मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने बॉर्डर एरिया के मतदाताओं से चर्चा कर किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा पिछले चुनाव के बारे में फीडबैक भी लिए। मतदान केंद्रों के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में मतदाताओं और मतदान दलों के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अधिकारी द्वय ने विधानसभा चौरई के अंतर्गत महाराष्ट्र बॉर्डर के मतदान केंद्र क्रमांक 267- प्राथमिक शाला भवन चंद्रिकापुर, मतदान केंद्र क्रमांक 246-शासकीय बालक प्राथमिक शाला भवन खमारपानी एवं 247-शासकीय कन्या प्राथमिक शाला भवन खमारपानी, 207-शासकीय माध्यमिक शाला भवन गोनी, नगर परिषद बिछुआ के कैंपस में 5 मतदान केंद्रों, 124-शासकीय बालक माध्यमिक शाला भवन बिछुआ, 224-बालक माध्यमिक शाला भवन धनेगांव और 262-शासकीय प्राथमिक शाला भवन सोनपुर का औचक निरीक्षण किया एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की उपलब्धता, रैंप, छाया, मतदान कक्ष में दो दरवाजे, रोशनी, पेयजल, प्रसाधन, गर्मी के दृष्टिगत हवा के लिए कूलर, फैन की व्यवस्था, मतदान केंद्र से संबंधित सभी जानकारी का मतदान केंद्र के बाहर लेखन आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बिछुआ की तहसीलदार श्रीमती राजेश्वरी कुंजाम, नायब तहसीलदार, सीएमओ व थाना प्रभारी बिछुआ सहित अन्य अधिकारी, संबंधित सचिव और बीएलओ उपस्थित थे।

**एस.एस.टी. जांच नाका खमारपानी बैरियर का निरीक्षण**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान फील्ड में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए जांच नाकों में तैनात स्थैतिक निगरानी दल के कार्यों का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह और एसपी मनीष खत्री द्वारा विभिन्न जांच नाकों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

## निनाद ललित कला समिति का 4 दिवसीय आयोजन

# नववर्ष, गुड़ीपड़वा पर होगा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले की अग्रणी सांस्कृतिक संस्था निनाद ललित कला समिति द्वारा नववर्ष गुड़ीपड़वा के पावन पर्व पर जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, सौसर एवं पांढुर्णा में 4 दिवस अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलनों का आयोजन किया गया है। निनाद ललित कला समिति के अध्यक्ष दत्तात्रय रत्नाकर एवं सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन में पद्मश्री डॉ सुनील जोगी, विश्वविख्यात व्यंग्यकार डॉ संपत सरल, सुरेंद्र यादवेन्द्र, सुदीप भोला, मुन्ना बैटरी, गोविंद राठी, सुश्री सुमन दुबे, सुश्री सपना सोनी, जानी बैरागी, पार्थ नवीन तथा सौसर-पांढुर्णा में मराठी हास्य सम्राट गौतम गुलधे अपनी रचनाओं से ठहाके लगवाएंगे। निनाद ललित कला समिति द्वारा आयोजित हास्य कवि सम्मेलन शाम 6 बजे से आरम्भ हो कर रात्रि 10 बजे के पूर्व समाप्त हो जाएंगे। आदर्श आचार संहिता के कारण श्रोताओ से समय के विशेष पालन का अनुरोध किया गया है।निनाद ललित कला समिति द्वारा दिनाँक 8 अप्रैल को श्रद्धा लॉन, तामिया रोड, जुन्नारदेव , 9 अप्रैल को गंज बाजार, अमरवाड़ा , 10 अप्रैल को बाजार चौक, सौसर तथा 11 अप्रैल को सरगम टॉकीज, पांढुर्णा में हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किये गए है। सभी कार्यक्रम पूर्णतः निशुल्क है। निनाद ललित कला समिति ने सभी धार्मिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संगठनों, मातृशक्ति, युवाशक्ति एवं जनमानस से हास्य कवि सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## भाजपा ने मनाया पैंतालिसवां स्थापना दिवस

**परासिया** :- भाजपा कार्यालय परासिया में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी का पैंतालिसवां स्थापना दिवस मनाया गया। इसके अलावा नगर के 9 बूथ पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, मंडल भाजपा अध्यक्ष राजेश दुबे, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, ज्योति डेहरिया इस अवसर पर उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पैंतालिसवा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। दो सांसद वाली पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में चार सौ पांच सीट भाजपा की आएगी। जिस पार्टी की रीति नीति और नेता की नियत अच्छी हो उसका अंत नहीं हो सकता। कांग्रेस अंत की ओर बढ रही है। धीरे धीरे कांग्रेस खत्म हो जाएगी । उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं नागरिकों को शुभकामनाएं दी। रितुराज सरसवार, सुनील विश्वकर्मा, सोनम डेहरिया, अनुसुईया यादव, मुकेष यादव, उदिता यादव, अबरार खान, सोनू मारवाह, आबिद, पप्पू सोनी, अमित यादव, राहुल मिश्रा, प्रकाश सोनी, राहुल वाईकर, ताराचंद डेहरिया, पिंकी यादव, मीता विष्वकर्मा, सीमा तिवारी, मीना डेहरिया, आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव


वार्ड क्रमांक 11 बूथ क्रमांक 211 में आज भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गयाजिसमें मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद की अपील समिति सदस्य वार्ड पार्षद संजय मदन लाल जैन केंद्र प्रभारी श्री नरेश जी वर्मा वार्ड अध्यक्ष पंडित रोहित मिश्रा वार्ड महामंत्री बीएलओ मुकेश बंडेवार वरिष्ठ नेता राजेंद्र जी वर्मा अशोक सोनी यश रघुवंशी विवेक सोनी रतन जी मालवीय सोहन जैन जिब्राइल रॉयल पंकज बंडेवार धनराज पाल राहुल अजय दीपक बाली कर सहित वार्ड वासी उपस्थित राय भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र जी वर्मा वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद शक्ति केंद्र के सहसंयोजक अमित यादव द्वारा सर्वप्रथम भारत माता श्याम प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया द्वारा सर्वप्रथम भारतीय जनता पार्टी के जस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

# सार्वजनिक रूप से पीने के पानी का प्याऊ खोला जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

भीषण गर्मी के इस दौर में ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होते ही गर्मी के तपन में लोगों का गला सूख रहा है और आमजन नागरिक एवं सभी प्यास के मारे तड़प रहे हैं फिर भी पीने का पानी नहीं मिल रहा है यदि चिलचिलाती धूप में प्यास लग जाए और समय पर पीने का पानी नसीब नहीं हो तो क्या होगा। इसलिए गर्मी के मौसम को देखते हुए गर्मी की तपन के समय दमुआ शहर नगर एरिया क्षेत्र के आसपास के वार्ड क्षेत्र सार्वजनिक चौक चौराहे स्थान पर पीने के पानी हेतु सार्वजनिक रूप से पर प्याऊ स्टॉल खोला जाए ताकि लोगों को जगह-जगह पीने का शुद्ध जल पानी मिल सके और आम जनमानस का गला पानी से कूल कूल ठंडा हो जाए पानी से गला तर हो जाए और लोगों को राहत मिल सके जबकि गर्मी के दौर में चिलचिलाती धूप पड़ रही है और आम जनमानस अपने-अपने कार्यों में लगे हुए लोगों का आना-जाना बना रहता है दूर दराज क्षेत्रों से लोग दममुआ शहर नगर आते जाते हैं चाहे अपने काम हो या दूसरों के काम क्यों ना हो जरूरी काम निपटाने उन्हें दमुआ आना ही पड़ता है मगर पानी के मारे प्यास से तड़पते नजर आते हैं पानी पीने के लिए भटकते फिरते हैं फिर भी पानी नसीब नहीं हो रहा है पीने के पानी के लिए लोग जूझते नजर आते हैं जैसे पानी का संकट मंडरा रहा है नगर पालिका दमुआ के निकाय क्षेत्र में अप्रैल माह चल रहा है मगर अभी तक सार्वजनिक पीने के पानी प्याऊ नहीं खोले गए इससे आप खुद अंदाजा लगा सकते हैं कि संबंधित अधिकारी हो या फिर नगर पालिका में बैठे जनप्रतिनिधियों की घोर लापरवाही को दर्शाती है दमुआ क्षेत्र में आज तक सार्वजनिक पानी के प्याऊ तक नहीं खोले गए हैं जबकि गर्मी के मौसम का दूसरा माह अप्रैल चल रहा है फिर भी क्षेत्र में कहीं भी किसी भी वार्ड क्षेत्र में मुख्य चौक चौराहे पर सार्वजनिक रूप से पानी पीने के लिए प्याऊ स्टाल तक नहीं नजर नहीं आ रहे हैं ग्रामीण क्षेत्र ग्राम कस्बा सहित शहरी क्षेत्र से लोगों का प्रतिदिन आवाजाही बनी रहती है गर्मी धूप पड़ने के कारण प्यास ज्यादा लगती है और पानी पीने के यहां वहां भटकते रहते हैं इसलिए नगर पालिका दमुआ प्रशासन को चाहिए कि निकाय क्षेत्र दमुआ के वार्ड एरिया क्षेत्र मुख्य चौक चौराहे स्थानों जैसे इंदिरा चौक दीनदयाल चौक रेन बसेरा एरिया क्षेत्र ,बेरियर क्षेत्र एरिया , बाजार क्षेत्र, सब्जी मंडी क्षेत्र ,पुराना बस स्टैंड क्षेत्र ,नया बस स्टैंड क्षेत्र दमुआ नंबर 8 अप्पू हाल क्षेत्र ,तिरंगा चौक ,22 23 खदान क्षेत्र प्याऊ खोले जाए।

## रामपेठ में हुआ विशाल दुय्यम कव्वाली कार्यक्रम



**सौंसर**। संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती महोत्सव के अंतर्गत 5 अप्रैल को ग्राम पंचायत रामपेठ में भीम बुद्ध गीतों पर आधारित विशाल कव्वाली कार्यक्रम संपन्न हुआ। बाजार चौक रामपेठ में संपन्न हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया।कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर तथागत बुद्ध के प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में दामूजी भकने,मनीष बागड़े,प्रवीण मेश्राम,आकाश रंगारे योगेश गजभिए,आदित्य बागड़े,सूरज धुर्वेरोशन मर्सकोले,सिद्धार्थ रागासेसुरेंद्र वाघमारे, आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।कव्वाली कार्यक्रम का शुभारंभ गायक विकास राजा ओर गायिका अश्विनी रोशन के द्वारा बुद्ध बाबा साहब को अभिवादन करते हुए किया गया। इस दौरान गायक कव्वाल विकास राजा एवं गायिका अश्विनी रोशन के द्वारा एक से बढ़कर एक छत्रपति शिवाजी महाराज, तथागत भगवान गौतम, बुद्ध डॉ बाबासाहेब अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले आई रमई सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित संगीतमय गीतों कव्वालियों की प्रस्तुति देकर बार-बार तालियां बटोरी, आयोजन में बड़ी संख्या रामपेठ के साथ अन्य ग्रामों के भीम सैनीको महिलाओं युवाओ ने पहुंचकर बहुजन समाज में जन्मे हुए महापुरुषों के विचारधारा को सुना।

# शिकायत करने के बाद आखिरकार सड़क किनारे खोदा गड्ढा भरा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी ग्राम पंचायत के द्वारा सड़क किनारे पंद्रा दिनो से खोदा गया गडडा को बंद किया गया। गौरतलब हो की ग्राम पंचायत सचिव के पंचायत से हमेशा नदारत रहने के कारण सिंगोड़ी पंचायत के कई जनहित के काम एवं समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। आगामी दिनों में ग्रामवासियों के द्वारा सिंगोड़ी सचिव को हटाए जाने को लेकर अधिकारियों को शिकायती आवेदन देने की बात कही गई है। राहगीर गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे थे सिंगोड़ी बस स्टैंड के पास पिछले पंद्रा दिनो से मैन सड़क के किनारे बड़ा गड्ढा खोद दिया था, जिस कारण राहगीर उक्त गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे थे और सड़क किनारे बड़े गड्ढे के कारण गंभीर घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता था । इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार ग्राम वासियों ने पंचायत को अवगत करवाया था तब जाकर बड़ी मुस्कील से गाड़डा भरा गया। तथा स्थानीय अधिकारी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया था। जिसके बाद जागे सम्बन्धितो ने उक्त समस्या का समाधान शनिवार सुबह कर दिया। इस समस्या का समाधान होने से लोगो ने राहत की सास ली।

# ग्राम बोलेगांव में रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश




हरिभूमि न्यूज लांजी।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व जिला स्वीप नोडल अधिकारी डीएस रणदा के निर्देशन में मतदाता।जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी है। इसी कड़ी में रविवार को जनपद पंचायत लांजी के ग्राम पंचायत बोलेगांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तथा ग्राम में रैली निकालकर ग्रामीणों के साथ-साथ राहगीरों को भी मतदान के जागरूक किया गया। इस दौरानग्राम पंचायत बोलेगाव के सचिव, रोजगार सहायक, आशा दीदी, ग्राम विकास प्रेसफुटन समिति के अध्यक्ष प्रभु तिडके सचिव एवं सदस्यगण, एमएसडब्ल्यू के छात्र परामर्शदाता, ज्योति एवं नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप के अध्यक्ष अरुण आसटकर, सचिव रमेश आसटकर एवं अन्य ग्रामीणों का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ।

## अब बैगा परिवार भी करेंगे शतप्रतिशत मतदान

**बालाघाट**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में मतदाता।जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को जपं वारासिवनी सीइओ सुश्री दीक्षा जैन मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बैगा परिवारों को मतदान का महत्व समझाने तथा बिना किसी प्रलोभन के अपना मतदान का प्रयोग करने की शपथ दिलाने विकासखंड स्तरीय टीम कोचेवाही, वारासिवनी पहुंची। कार्यक्रम में बैगा परिवारों ने शतप्रतिशत मतदान की शपथ ली जिसमे सभी वर्ग के मतदाता शामिल हुए ।

## लांजी जनपद की ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा का मामला

# पंचायत की प्रापर्टी पर दबंगों ने कर लिया कब्जा

### न किराया दे रहे न पंचायत से करा रहे कोई अनुबंध

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा की प्रापर्टी (परिसंपत्ति) पर गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा कब्जा कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के कमरों पर कब्जा जमाकर बैठे दबंगों को समझाईश देने के बावजूद वे नियम कानून नहीं मान रहे हैं। वे न तो पंचायत को कोई किराया दे रहे हैं और न ही नियमानुसार अनुबंध करवा रहे हैं। अब पंचायत पदाधिकारियों ने नियमों का पालन कराने का मन बनाया है। लेकिन दबंगों के सामने असहाय साबित होने पर पत्र लिखकर पुलिस और प्रशासन का सहयोग मांगा गया है। पूरा मामला रिसेवाड़ा पंचायत के अधीन हाट बाजार से जुड़ा हुआ है। इस पूरे मामले में पंचायत समन्वयक अधिकारी महेन्द्र सिरामें का कहना है कि वे कब्जाधारी यदि पंचायत को बकायदा निर्धारित किराया अदा करते हैं और अपना अनुबंध कराते है तो उन्हें वहां से नहीं हटाया जाएगा। लेकिन कब्जाधारी इस पर तैयार नहीं है। कब्जाधारी दबंगई पर उतारू हो गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के लिए पक्की दुकान तैयार कर उनका गांव में रोजगार स्थापित करने की मंशा से शासन की हाट बाजार योजना के तहत सन 2021 में ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा ने शॉपिंग कॉम्पलेक्स की तरह ही आठ दुकानों (कमरों) का निर्माण करवाया है। इन कमरों को बहुत कम किराए पर देकर उसका संचालन किया जाना था। ऐसा कर पंचायत के राजस्व में बढ़ोत्तरी व



ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराया जाना था। लेकिन इन कमरों में कुछ दबंग प्रवृत्ति के ग्रामीणों ने स्वयं से कब्जा जमा लिया गया है।

**न किराया दे रहे न कर रहे खाली:** पंचायत समन्वयक अधिकारी सिरामें के अनुसार कमरों का निर्माण होने के बाद ग्राम के ही कुछ लोगों ने जबरन उनमें कब्जा जमा लिया गया है। जबकि उनके साथ कमरों को अलाट किए जाने संबंधी कोई अनुबंध भी नहीं किया गया है। वे न तो किराया जमा करवा रहे हैं। वहीं कोई अनुबंध भी नहीं करवाया जा रहा है। ऐसे में अब ऐसे कब्जा धारियों को खाली करवाकर नए सिरे से कमरों को अलाट किए जाने के प्रयास किए जाने की योजना तैयार की जा रही है।

**वर्षो से जमा नहीं किया किराया:** बताया गया कि आठ कमरों में प्रत्येक का किराया महज 500 रुपए निर्धारित किया गया है। बावजूद इसके आठ में से छह दुकानदार इतना कम किराया भी जमा नहीं करवा रहे हैं। इनमें ऐसे कब्जाधारी भी है जिन्होंने एक से अधिक वर्षो से किराया जमा नहीं करवाया है। इनका किराया भी आठ से दस हजार रुपए तक हो गया है। अब ऐसे कब्जाधारियों पर नियमानुसार कर वसूली व कब्जा खाली करवाए जाने की तैयारी की जा रही है।

### इनका कहना है

पंचायत के 8 कमरे हैं। जिसमें कुछ लोग 2022 से कब्जा करके बैठे हैं, इनमें से 2 लोग बस किराया दे रहे हैं, बाकी 6 लोग न ही अनुबंध कर रहे हैं, न किराया दे रहे हैं। इसके लिए जनपद पंचायत सीईओ और बहेला पुलिस थाने में भी शिकायत की गई है।

**महेंद्र सिरामे,**
**पंचायत समन्वयक**
**अधिकारी लांजी**

## 172 सेक्टर में बनाए चलित मतदान केंद्रों पर हुआ पहले दिन का मतदान

# मंडप, दुकान,बेडरूम और आंगन में बनाए चलित मतदान केंद्रों पर किया मतदान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रविवार को पहले दिन अनुपस्थित मतदाताओं में बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का घर पर ही उपयोग किया। आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के तथा दिव्यांगजन मतदाताओं ने सहर्ष स्वीकार करते हुए दलों को धन्यवाद भी दिया। साथ ही परिजनों में भी इस निर्णय पर संतोष जताया। आयोग ने ऐसे मतदाता जो स्वयं चलकर मतदान केंद्रों पर मतदान नही कर सकते। उनके लिए यह सुविधा दी गई कि वे चाहे तो अपनी सहमति देते हुए घर से ही मतदान कर सकते है। ऐसे मतदाताओ से मतदान के लिए रविवार को पहले दिन दलों ने किसी मतदाता के लिए दुकान पर तो किसी के लिए बेडरूम में ही कम्पार्टमेंट से मतदान केंद्र बना कर मतदान कराया। जिला आयुष व सेक्टर अधिकारी श्री मिलिंद चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके सेक्टर में 17 में से 10 मतदाताओं ने मतदान किया है। इसी तरह सेक्टर क्रमांक 16 में 19 में से 17 मतदाताओं ने मतदान किया है। जिले की 6 विधानसभाओं में कुल 172 सेक्टर में चलित मतदान केंद्र बनाए गए।

बैहर विधानसभा में तरेगांव में 89 वर्षीय महारिन बाई के लिए उनके घर की सिलाई मशीन पर कंपार्टमेंट लगाकर केंद्र बनाया गया। महारिन बाई को कमर में समस्या होने से न तो वो खड़ी रह सकती है ना ही बैठकर मतदान कर सकती। ऐसी स्थिति में उनके लिए सिलाई मशीन जो उनकी ऊंचाई के अनुकूल लगी, उसी पर कंपार्टमेंट से केंद्र बनाया गया, फिर महारिन बाई ने बड़ी सहजता से मतदान किया। बालाघाट विधानसभा के चिचगांव की 97 वर्षीय ज्योतिहीन कस्तूरा बाई मर्सकोले ने अपने घर बनाए गए मतदान केंद्र पर मतदान किया। उनको मिली इस सुविधा पर उन्होंने कहा कि अच्छा हुआ मेरे घर पर केंद्र बनाया गया नही तो शायद वो मतदान नहीं कर पाती।जिले की दुर्गम वनीय विधानसभा बैहर के छपला गांव में दिव्यांग तीरथ सिंह के लिए भी उनके घर चलित मतदान केंद्र बनाया गया। उन्होंने अपने घर पर बेटे की शादी के दूसरे दिन मंडप में बनाए गए केंद्र में ही मतदान किया।

# सात बैलगाड़ियों से लगभग 3 किलोमीटर तक रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व जिला स्वीप नोडल अधिकारी डीएस रणदा के निर्देशन में रविवार को जनपद पंचायत बिरसा के ग्राम पंचायत अचानकपुर में तहसीलदार राजूलाल नामदेव, बीपीओ डीएस परते, सालेटेकरी चौकी प्रभारी धनसिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक श्री रमेश ठाकरे, एपीओ मनरेगा दिलीप कूड़ापे सचिव विनय पंच तिलक रोजगार सहायक गोवर्धन बहेश्वर की उपस्थिति में सात बैलगाड़ियों से लगभग 3 किलोमीटर तक रैली निकालकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिये प्रेरित किया गया।

# गली में नहीं पहुँच सकी गाड़ी तो, बीएलओ के साथ मोटर सायकिल पर संवार होकर चलित मतदान केंद्र तक पहुँचे डीईओ

## आज भी जाएंगे दल घरों में चलित मतदान केंद्र बनाकर, अनुपस्थित मतदाताओं से करवाएंगे मतदान

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने वारासिवनी और कटंगी विधानसभा में अनुपस्थित मतदाताओं की वोटिंग देखी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रविवार को बालाघाट-सिवनी संसदीय सीट पर बालाघाट की 6 विधानसभाओ में चलित मतदान केंद्र के माध्यम से मतदान कराया गया। चलित मतदान केंद्रों के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक तथा दिव्यांग मतदाताओं को अनुपस्थित मतदाता मानकर यह सुविधा आयोग द्वारा प्रदान की गई। चलित मतदान केंद्रों के माध्यम से हुए मतदान के लिए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने वारासिवनी और कटंगी विधानसभा में निरीक्षण कर मतदाताओं तथा उनके परिजनों से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। वारासिवनी के वार्ड 4 में डीईओ डॉ. मिश्रा की गाड़ी तंग गली में नही जा सकी तो वे बीएलओ की मोटर सायकिल पर संवार होकर मतदान केंद्र 54 की 87 वर्षीय मतदाता चंद्रकला पति बलभद्र मिश्रा से मिले। इसके बाद वे नगर के अन्य अनुपस्थित मतदाताओं और उनके परिजनों मिले। वहीं उन्होंने चलित मतदान दलों को आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदान के लिए सहयोग करने के निर्देश दिए।



**झोनल अधिकारियों ने भी किया निरीक्षण :** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा के आदेशानुसार चलित मतदान केंद्रो में निरीक्षण के लिए झोनल अधिकारी बनाए। झोनल अधिकारियों ने विधान सभा वार सेक्टर वाइज निरीक्षण किया। इसमें जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने बैहर विधानसभा के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कोल परसवाड़ा व आबकारी अधिकारी श्री एसके उरांव लांजी विधान सभाओं के निरीक्षण पर रहे।

# चैत्र नवरात्र में घोड़े पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा, बनेंगे कई शुभ योग

**ज्योतिषाचार्य ने बताया कि नवरात्रि का पर्व देशभर में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। चैत्र नवरात्र इस बार नौ अप्रैल से शुरू होंगे और 17 अप्रैल को समापन होगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

## चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर सर्वार्थ सिद्धि व अमृत सिद्धी योग

**आदिशक्ति की आराधना का पर्व चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा नवरात्र नौ अप्रैल मंगलवार से प्रारंभ होंगी। यह पर्व घटस्थापना से प्रारंभ होगा। नवरात्र के पहले दिन नवसंत्सर यानिकी सनातन धमार्लंबियों का नया वर्ष शुरू होता है। नगर में नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गईं हैं।**



9 दिनों तक आदिशक्ति मां दुर्गा के अलग अलग स्वरुपों की उपासना की जाती है। ज्योतिष विद्वानों के अनुसार मचैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इन दोनों योग का निर्माण सुबह सात बजकर 32 मिनट से लेकर अगले दिन 10 अप्रैल को सुबह पांच बजकर छह मिनट तक है। साथ ही चैत्र नवरात्र पर अश्विनी नक्षत्र का भी योग बन रहा है। अश्विनी नक्षत्र सुबह सात बजकर 33 मिनट से है, जो अगले दिन 10 अप्रैल को सुबह पांच बजकर छह मिनट तक है। इन योग में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। माता रानी के वाहन को शुभ-अशुभ फल का सूचक माना गया है। इसका प्रकृति से लेकर मानव जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ता है।इस बार चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन घोड़े पर हो रहा है। घोड़े को मां दुर्गा का शुभ वाहन नहीं माना जाता है, ये युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं का संकेत देता है।

### चैत्र नवरात्रि घट स्थापना शुभ मुहूर्त

इस साल चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा तिथि 08 अप्रैल को देर रात 11 बजकर 50 मिनट से शुरू होगी। ये तिथि अगले दिन यानी 09 अप्रैल को शाम आठ बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। हिंदू धर्म में उदया तिथि मान है, इसलिए नौ अप्रैल को घटस्थापना है।

नौ अप्रैल को घटस्थापना समय सुबह छह बजकर दो मिनट से लेकर 10 बजकर 16 मिनट तक है। इस समय में घटस्थापना कर सकते हैं। इसके अलावा, 11 बजकर 57 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 48 मिनट के मध्य अभिजीत मुहूर्त में भी घटस्थापना कर सकते हैं।

### चैत्र नवरात्रि तिथियां

**पहला दिन** - नौ अप्रैल (प्रतिपदा तिथि, घटस्थापना): मां शैलपुत्री पूजा
**दूसरा दिन** - 10 अप्रैल (द्वितीया तिथि): मां ब्रह्मचारिणी पूजा
**तीसरा दिन** - 11 अप्रैल (तृतीया तिथि): मां चंद्रघण्टा पूजा
**चौथा दिन** - 12 अप्रैल (चतुर्थी तिथि): मां कुष्माण्डा पूजा
**पांचवां दिन** - 13 अप्रैल (पंचमी तिथि): मां स्कंदमाता पूजा
**छठा दिन** - 14 अप्रैल (षष्ठी तिथि): मां कात्यायनी पूजा
**सांतवां दिन** - 15 अप्रैल (सप्तमी तिथि): मां कालरात्रि पूजा
**आठवां दिन** - 16 अप्रैल (अष्टमी तिथि): मां महागौरी पूजा
**नौवां दिन** - 17 अप्रैल (नवमी तिथि): मां सिद्धिदात्री पूजा, राम नवमी भी मनाई जायेगी।

# कुएं में मिला महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बाहुल्य विकास खंड घंसौर के दमपुरी गांव में रविवार सुबह एक महिला का शव कुएं में मिला। सुचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाल कर पीएम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार दमपुरी गांव में रविवार सुबह कुछ लोग पानी लेने के लिए कुएं पर गए थे। जहां उन्हें पानी में एक महिला की लाश दिखाई दी। इसके बाद लोगों ने घंसौर पुलिस को सुचना दी। जिसके बाद थाना प्रभारी अनिल कुमार पटेल सहित पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और महिला कविता पति इंद्रेश बरकड़े (35) के शव को कुएं से बाहर निकाला। पंचनामा बनाने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि दमपुरी गांव में एक महिला का शव कुएं में मिलने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया गया है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के किंदरई थाना क्षेत्र में शनिवार को ट्रक की टक्कर से एक वृद्ध घायल हो गया था। रविवार को अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार को मसूर भांवरी गांव में एक अज्ञात ट्रक ने पचलू कुमरे (65) को टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया था। हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों की सुचना पर पुलिस ने बुजुर्ग को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा था। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। रविवार को इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# चार वर्षीय बालक जापानी एनसेफेलिटिस से संक्रमित

**बालक को बेहतर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कालेज से मेडिकल कालेज नागपुर भेजा गया है। मलेरिया अधिकारी के अनुसार बालक का परिवार गन्ना कटाई करने कुछ दिन पहले नरसिंहपुर के सिंहपुर गांव गया था। वहां से लौटने पर उनका चार वर्षीय बेटे का स्वास्थ्य बिगड़ गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**जबलपुर मेडिकल कालेज में भर्ती सिवनी के लखनादौन अंतर्गत सम्थाल गांव के एक बालक जापानी एनसेफेलिटिस से संक्रमित पाया गया है। जिला मलेरिया अधिकारी रामजी भलावी के अनुसार जबलपुर मेडिकल कालेज से प्राप्त रिपोर्ट धूमा के सम्थाल गांव का चार वर्षीय बालक में इस संक्रमण की पुष्टि हुई है।**



फाईल फोटो

जिसे लखनादौन सिविल अस्पताल से मेडिकल कालेज जबलपुर भेजा गया था, जहां जांच के दौरान बालक में जेई वायरस का संक्रमण पाया गया है। इसी बीच परिवार बालक की छुट्टी करवाकर जबलपुर से वापस घर लौट आया था। जबलपुर मेडीकल कालेज से सूचना मिलने पर मलेरिया विभाग के दल ने सम्थाल गांव पहुंचकर परिवार को सलाह देकर बालक को बेहतर उपचार के लिए नागपुर मेडिकल कालेज भेज दिया है, जहा उसका इलाज जारी है और स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। मलेरिया अधिकारी के अनुसार गन्ना कटाई के दौरान बालक संक्रमित हुआ होगा। इस मामले में नरसिंहपुर मलेरिया अधिकारी को भी पत्र भेजकर सूचित कर सतर्क करने के साथ आवश्यक एहतियात बरतने कहा गया है। मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जेई वायरस के संक्रमण में हल्के लक्षण होते हैं, जो अक्सर फ्लू के लक्षण समझ लिए जाते हैं। इसके लक्षणों में मुख्यतः शरीर का तापमान बढ़ जाता है, बुखार की तरह, दौरे आते हैं, गर्दन में अकड़न होती है, दिमाग में भ्रम की स्थिति बनती है। बात करने में असहजता होती है, शरीर के अंगों में झटके-कंपन होते हैं, मांसपेशियों में कमजोरी महसूस होती है। कभी-कभी इस संक्रमण के घातक परिणाम भी होते हैं। मस्तिष्क को स्थायी क्षति हो सकती है।

# साल का पहला सूर्य ग्रहण आज लगेगा भारत में इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा

**साल का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल, सोमवार चैत्र अमावस्या पर लगने जा रहा है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि यह पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा। जिसे खग्रास सूर्य ग्रहण भी कहा जाता है। यह सूर्य ग्रहण भारत में दृश्यमान नहीं होगा। भारतीय समयानुसार, सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल को रात 9 बजकर 12 मिनट से शुरू हो जाएगा और इसका समापन रात 2 बजकर 20 मिनट पर होगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




इसकी अवधि 05 घंटे 08 मिनट की होगी। ज्योतिष के अनुसार, इसका प्रभाव आम व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है। यह सूर्य ग्रहण मीन राशि और रेवती नक्षत्र में लगने जा रहा है। सूर्य ग्रहण तब लगता है जब चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के बीच में आ जाता है, जिससे सूर्य की दृष्टि पूरी तरह या आंशिक रूप से अवरुद्ध हो जाती है।

### यह सूर्य ग्रहण कहां कहां दिखाई देगा

यह सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। कनाडा, उत्तरी अमेरिका, मैक्सिको में दिखाई देगा। इसके अलावा कोस्टा रिका, क्यूबा, डोमिनिका, फ्रेंच पोलिनेशिया, जमैका, आयरलैंड, इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम क्षेत्र, पश्चिमी यूरोप, पेसिफिक, अटलांटिक, आर्कटिक में ये ग्रहण दिखेगा।

आज 8 अप्रैल को दिखने वाला सूर्य ग्रहण को लेकर कई लोग सोच रहे हैं कि सूर्य ग्रहण लगने से क्या पूजा-पाठ जैसे मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं? क्योंकि सूर्य ग्रहण के अगले दिन से चैत्र नवरात्रि भी शुरू हो रही है। इस कारण से नवरात्रि का व्रत करने वाले लोग टेंशन में हैं लेकिन ज्योतिषों के अनुसार अमेरिका में लगने वाला यह सूर्य ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा, इसलिए भारत में सूतक काल मान्य नहीं होगा और लोग बाकी दिनों की तरह ही अपनी दिनचर्या के अनुसार काम कर सकते हैं।

सूर्य ग्रहण हो या चंद्र ग्रहण दोनों एक खगोलीय घटना है। ज्योतिष शास्त्र में दोनों ही ग्रहण का बहुत महत्व है। लेकिन आपको सूर्य ग्रहण या चंद्र ग्रहण से घबराना नहीं चाहिए।

सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण के दौरान आपको गायत्री मंत्र का जाप जरूर करना चाहिए। वहीं, सूर्य ग्रहण के दौरान आप सूर्य के बीज मंत्र ओम घृणि सूर्याय नमः का जाप भी कर सकते हैं। इससे ग्रहण का दुष्प्रभाव आप पर नहीं पड़ता।

# सरकारी मापदंड अनुसार गेहूँ खरीदी योग्य नहीं- घनश्याम सनोडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

वर्तमान में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी का समय चल रहा, खरीदी नहीं चल रही। प्रति वर्ष 25 मार्च से गेहूँ खरीदी का कार्य चालू हो जाता था परंतु इस वर्ष आज 6 अप्रेल निकल गयी पर अधिकांश गेहूँ खरीदी केंद्र पर एक दाना भी खरीदी नहीं हुई है। उक्ताशय के उद्गार कृषि- कृषक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य श्री घनश्याम सनोडिया द्वारा जारी किए गए हैं।

श्री घनश्याम सनोडिया ने आगे कहा है कि मोहगांव में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी हेतू 2 केंद्र बनाऐ गए हैं। आज खरीदी करने का दिखावा चालू हुआ, लगभग 70 ट्राली गेहूँ की आंई, खरीदी कार्य चालू हुआ, सरकार द्वारा नियुक्त सर्वेयर ने गेहूँ का निरीक्षण किया और सभी 70 ट्राली गेहूँ दोनों केंद्र का परीक्षण के दौरान फेल कर दिया गया। यदि 10 या 20 ट्राली गेंहू फेल (अमानक) होती तो बात ओर होती यहाँ तो एक तरफ से पूरा गेहूँ अमानक कर दिया गया इससे प्रतीत होता है कि खरीदना नहीं सिर्फ खरीदी का दिखावा किया जा रहा है। यह मामला एक या दो जगह का नहीं है मेरे पास पूरे जिला से किसानों द्वारा जानकारी मिल रही है कि सभी खरीदी केंद्र पर गेहूँ की क्वालिटी खराब बताकर कर माल फेल कर खरीदी कार्य बंद कर दिया गया है।

सर्वेयर की जांच रिपोर्ट के अनुसार गेहूँ बारीक है और चमक नहीं है। यही बात तो शासन से हम भी कह रहे थे कि हवा, तूफान और बारिश से गेहूँ खराब हो गया है और हमने शासन से मांग कीया था कि फसल खराब हो गई है और किसानों को आरबीसी 6/4 के अनुसार मुआवजा और फसल बीमा का क्लेम दीजिए, तब राजस्व विभाग ने हमारी बात नहीं माना ना ही खराब फसल का मुआवजा दिया ना ही बीमा क्लेम के लिए कोई कार्यवाही नहीं किया।

अतः प्रदेश के मुख्यमंत्री मा श्री मोहन यादव जी से श्री घनश्याम सनोडिया ने निवेदन किया है कि आपकी सरकार द्वारा नियुक्त सर्वेयर की बात आप मान लीजिए, जिनके अनुसार यह गेहूँ खाने योग्य नहीं है इसलिए खरीदा नहीं जाएगा। इससे साबित होता है कि फसल बेमोशम बारिश और तूफान से खराब हो गई है, इसलिए 100% नुकसान मानकर मुआवजा एवं फसल बीमा क्लेम प्रदान करने हेतु तुरंत आदेश जारी करें या फिर जैसा भी गेहूँ किसान का पका है उसे बिना किसी हीला- हवाला के खरीदी की जाए। साथ ही मोदी जी गैरंटी के अनुसार 2700 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान भी करें।

# हाईवे में घायल हुए तेंदुआ की रुक गई सांस

**सामान्य जीवन जीने में असमर्थ घायल तेंदुआ को यूथेनेसिया (इच्छा मृत्यु) देने से पहले 7 अप्रैल की सुबह तेंदुआ की सांस थम गई और उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह पेंच टाइगर रिजर्व के अधिकारियों की मौजदूगी में तेंदुए का शव जला दिया गया है, मृत तेंदुआ सात से आठ साल का वयस्क नर था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



19 मार्च की रात घायल हुए तेंदुआ का बीते 16 दिनों से खवासा वन्यप्राणी चिकित्सालय में इलाज चल रहा था। अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुआ के जबड़ा, पसलियां, रीढ़ की हड्डी टूट चुकी थी, जिसकी सांस दवाई के सारे चल रही थी।

पेंच टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर देवाप्रसाद जे ने जारी प्रेस नोट में बताया कि पेंच टाइगर रिजर्व से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 44 (जबलपुर-नागपुर) में गंडाटोला गांव के पास 19 मार्च की रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर वयस्क तेंदुआ को घायल कर दिया था। सूचना मिलने पर रूखड़ बफर वन परिक्षेत्र अधिकारी ने वन अमले और रेस्क्यू दल के साथ मौके पर पहुंचकर वन्यप्राणी चिकित्सक डा. अखिलेश मिश्रा की उपस्थिति में घायल तेंदुए का रेस्क्यू किया था। घटना स्थल पर गंभीर रूप से घायल तेंदुआ के शरीर में कई स्थान पर गहरे घाव मौजूद थे। वहीं घायल घायल तेंदुए के शरीर से अत्याधिक खून बह चुका था।

बाद में वन्यप्राणी चिकित्सालय खवासा लाकर घायल तेंदुए का रेस्क्यू दल ने उपचार प्रारंभ किया था। संचालक स्कूल फार वाईल्ड लाइफ फारेंसिक एंड हेल्थ के मार्गदर्शन में डा. अखिलेश मिश्रा द्वारा घायल तेंदुआ का उपचार किया जा रहा था। उपचार के दौरान घायल तेंदुआ किसी भी प्रकार से भोजन नहीं ले पा रहा था इतना ही नहीं पानी पीने में भी तेंदुआ असमर्थ हो गया था। घायल तेंदुए को भोजन कराने के सभी प्रयास असफल होने पर उसे दवा व सलाईन के माध्यम से न्यूट्रिएन्स दिए गए लेकिन घायल तेंदुए की हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी और वह धीरे-धीरे कमजोर हो रहा था। उसके ऊपर-नीचे का जबड़ा, पसलियां, रीढ़ की हड्डी के पूर्ण रूप से टूटे होने के कारण तेंदुआ अत्यंत तकलीफ में था।

तेंदुए की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) व मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक मध्यप्रदेश द्वारा पांच चिकित्सकों का दल गठित कर तेंदुए के उपचार व अन्य निष्कर्ष मांगा गया। गठित दल द्वारा दिए गए अभिमत में बताया गया कि तेंदुआ का ऊपर-नीचे का जबड़ा, रिब्स, स्पाईन आदि पूर्ण रूप से टूटे गए हैं तथा तेंदुआ भविष्य में भी उपचार से ठीक नहीं हो सकता है। एक से अधिक स्थानों की हड्डियां टूटी होने के कारण तेंदुआ अत्यंत तकलीफ में है।

भोजन-पानी, स्वास लेने में असमर्थ होने के कारण सामान्य जीवन जीने में असमर्थ व अत्यंत पीड़ा में था। डाक्टर के अभिमत पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) व मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक मध्यप्रदेश द्वारा 6 अप्रैल को आदेश जारी कर घायल तेंदुआ को अक्षम होने व जीवन जीने में असमर्थ होने पर यूथेनेसिया देने की अनुमति वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 11(1)(ए) के तहत प्रदान की गई थी।

परीक्षण में पता चला हो गई मौत

इस अनुमति के आधार पर विशेषज्ञों द्वारा गंभीर रूप से घायल तेंदुआ को 7 अप्रैल को सुबह यूथेनेसिया देने की तैयारी की जा रही थी। इसी बीच वरिष्ठ वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी ने तेंदुए का परीक्षण करने पर पाया कि 6-7 अप्रैल की रात 3.30 बजे तेंदुए की मौत हो गई है। वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना देकर पेंच टाइगर रिजर्व क्षेत्र संचालक व मुख्य वन संरक्षक की उपस्थिति में एनटीसीए की गाइड लाइन के अनुसार कार्रवाई पूर्ण कर मृत तेंदुए के शव को जलाकर समिति के समक्ष सभी अवयव नष्ट कर दिए गए हैं।

# पूर्व जिला अध्यक्ष सुजीत जैन के निवास एवं नगर के सभी वार्डों में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



नगर के बारापत्थर स्थित सुजीत जैन पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के निवास पर शास्त्री वार्ड में वीरेंद्र श्रीवास्तव के निवास एवं नगर के फर्स्ट वार्डों में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया एवं भाजपा का ध्वजारोहण किया गया जिसमें सीवी रमन वार्ड एवं शास्त्री वार्ड के समस्त वार्ड एवं नगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि केशव भदोरिया जी प्रदेश मंत्री की गरिमा में उपस्थिति रही केशव सिंह भदौरिया जी (प्रदेश मंत्री भाजपा/पूर्व सम्भागीय संगठन मंत्री) एवं बूथ के बूथ समिति/पन्ना प्रमुख /वरिष्ठ गणों की उपस्थिति रही ।

सुजीत जैन एवं श्रीवास्तव निवास सही थी नगर के समस्त वार्डों मे भाजपा का ध्वज फहराया गया और कार्यकर्ताओं को कहा गया कि वह सभी अपने घर पर जाकर पार्टी का झंडा फहराए।पार्टी स्थापना दिवस के उपलक्ष में सुजीत जैन जी द्वारा बताया गया कि कश्मीर आज पूरे स्वाभिमान के साथ भारत का अभिन्न अंग हे और आज पूरे सम्मान के साथ है।आज हमने स्वयं प्रत्यक्ष अपनी आंखों से प्रभु श्री राम का भव्य दिव्य मंदिर बनते हुए देखा और प्रभु श्री राम को मंदिर में विराजते हुए देखा है देश के हित में देश के भविष्य के हित में पीढ़ीयो के हित में जो निर्णय लिए जा रहे हैं उसके भी हम सभी कार्यकर्ता साक्षी है इसलिए यह स्थापना दिवस भी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और गौरवशाली है सुजीत जैन द्वारा बोला गया कि आज सभी कार्यकर्ता अपने घर पर पूरे गर्व और हर्षो उल्लास के साथ के साथ ध्वज फहराए और यह संकल्प के साथ कि मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं और भारतीय जनता पार्टी मेरा परिवार है साथ ही 19 अप्रैल जो सबसे महत्वपूर्ण हमारे लोकतंत्र का महापर्व पुनः है लेकिन यह है इसलिए भी हमारे कार्यकर्ता के लिए महत्वपूर्ण है कि हम सभी लग रहा है कि वातावरण भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में है और लोग भारतीय जनता पार्टी को वोट देना भी चाहते हैं और लोग तैयार हैं की 19 अप्रैल को वोट देने जाना है और हम सभी को यह भी पता है कि वोट भारतीय जनता पार्टी को मिलना है यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यों का कार्य जो देश प्रत्यक्ष देख रहा है आजादी के बाद जो कभी असंभव कार्य लगते थे और सरकारे आयेंगी और सरकारे सत्ता का सुख लेकर जाएगी पर यह कार्य पूर्ण ना हो पाएं लेकिन वह सब कार्य भी हम देख रहे हैं। और कहीं ना कहीं भाजपा के कार्यकर्ता होने के नाते अपने आप को अंदर से गौरवान्वित महसूस करते हैं हां हम अपने जीवन का समय दे रहे हैं एक ऐसे संगठन में दे रहे हैं जिसके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है राष्ट्र सर्वप्रथम है उसके बाद ही सभी कुछ है उसके बाद दल है उसके बाद समाज है निश्चित आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है और आज सभी अपने घर पर ध्वज लगाएं और 19 अप्रैल को मतदान शत प्रतिशत करने के लिए सर्वप्रथम हम संकल्प के साथ अपने परिवार का कराए है इसके बाद जलपान करें। फिर जाकर अपने क्षेत्र के मतदाता को जल पान के पहले मतदान कराए राकेश मालवीय मीडिया प्रभारी भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ में जानकारी देते हुए बताया कि सुजीत जैन जी एवं वीरेंद्र श्रीवास्तव जी के निवास पर मुख्य रूप से केशव सिंह भदोरिया जी प्रदेश मंत्री भाजपा सुजीत जैन पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कर समिति सदस्य अल्केश रजक पूर्व पार्षद एवं विधानसभा विस्तारक संजय पप्पू सोनी नगर अध्यक्ष उत्तर मंडल पंकज बिसेन डॉक्टर लोकेश लकी बिसेन मनीष राय अतुल मिश्रा अरविंद गार्वे राजेश पाल वीरेंद्र सिंघम रामेश्वर नामदेव जय श्रीवास्तव राकेश मालवीय मीडिया प्रभारी भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ, रामकुमार सोनी , भुनेश कुलहाड़े , रत्नेश चौधरी , राज नाविक , अखिलेश पांडे , निलेश जायसवाल , राहुल सैनी , मनोज गौतम , शुभम राजपूत, दिलेंद्र उइके, श्याम हरिनद्वार अनिल रजक अखिलेश पांडे एवं अन्य भाजपा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही

# फेसन डिजाइन सिलाई प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जन समस्या निवारण संस्थान जिला सिवनी द्वारा आज 7अप्रैल विश्व स्वस्थ दिवस पर जागरूकता शिविर संस्थान के कार्यालय शहीद वार्ड सिवनी में संस्थान की जिला अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डहेरिया के नेतृत्व में आयोजित की किया गया जिसमें संस्थान के इमरान खान ने स्वस्थ के बारे में व निरोगी काया रखने के लिए जनउपयोगी जानकारी दी उपस्थित महिलाओं ने स्वस्थ शिविर में शरीर को निरोगी रखने के लिए योग व नियमित प्रणायाम करने में सहमति दी। एवं संस्थान के सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 अप्रैल के लोकसभा चुनाव में सभी सदस्यों द्वारा अपने परिवार व आस पड़ोस के सभी आमजनों को अपना मत देने के लिए अपने वोट का महत्व बतलाते हुए संस्थान के सभी सदस्यों ने शपथ ग्रहण किये की अधिक से अधिक वोट करने हेतु प्रेरित करेंगे व संस्थान के सभी सदस्यों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जन्म जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाए जाने हेतु सहमति दी व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जन्म जयंती के उपलक्ष में जन समस्या निवारण संस्थान द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु एवं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करने हेतु फैशन डिजाइन का प्रशिक्षण शुभारंभ किया जाएगा जिसमें संस्थान ने अधिक से अधिक बेटियो मात्र शक्तियों प्रशिक्षण ग्रहण कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने हेतु प्रशिक्षण ग्रहण कर सकती हैं साथ ही अपने आसपास जरूरतमंदों को भी यह सूचना प्रेषित करें।जन समस्या निवारण संस्थान सिवनी द्वारा हमेशा जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर है ।निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु संपर्क मो न 7000132382 पर सम्पर्क कर सकती हैं ।आज के शिविर में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डेहरिया जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अमृता बेदी जिला सचिव मनीष साहू जिला कोषाध्यक्ष इमरान खान जिला सहसचिव श्रीमती अमृता दुबे जिला संगठन मंत्री नीतू सोलाखे एवं बरघाट ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती मंजू चक्रवर्ती सक्रिय सदस्य गेवेंद्र डेहरिया चंदा कुशवाहा संजना यादव खुशबू परिहार भारती यादव अंजना धुर्वे ज्योति रजक माया नामदेव आदि की उपस्थिति रही।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने तले पकौड़े : जीतू पटवारी बोले- बहुत हुई महंगाई की मार, अब नहीं चाहिए मोदी सरकार






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**रविवार को बालाघाट के खैरलांजी में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा और रोड-शो करने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पहुंचे। उनके साथ पूर्व विधायक कुणाल चौधरी भी साथ थे।**

यहां कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके, क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल, विधायक अनुभा मुंजारे, मधु भगत, प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत और कांग्रेस नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

यहां उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद जीतू पटवारी ने कांग्रेस प्रत्याशी के साथ रोड-शो करने निकले।

जीतू पटवारी ने महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि यदि संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जीतकर दिल्ली पहुंचेंगे और देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो महिलाओं को कांग्रेस प्रतिमाह साढ़े 8 हजार रुपए देगी। रोड-शो में एक गांव में उन्होंने एक किसान से भेंट की, जहां उन्हें किसान ने डीएपी यूरिया के नकली होने की जानकारी दी।

## सीएम पर किया हमला

किसान राजेन्द्र जैतवार ने बताया कि यूरिया घुल नहीं रहा है। जिसे स्वयं जीतू पटवारी ने पानी में डालकर देखा, जो नहीं घुला। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कहा कि आपके राज में नकली खाद्य और यूरिया मिल रहा है। किसानों को दाम दे नहीं रहे हो और नकली खाद्य और यूरिया दे रहो हो। भाजपा कार्यालय में किसे दुपट्टा पहनाकर टीवी पर फोटो खिंचवा लू, इसके लिए आप दो घंटे कार्यालय में रहते हो, लेकिन किसानों के हित और अधिकार की चिंता नहीं है। उन्होंने किसान राजेन्द्र जैतवार को आश्वस्त किया कि इस मामले को ट्वीट कर पूरे प्रदेश में किसानों के साथ नकली खाद्य और यूरिया में हो रहे घटनाक्रम को दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि जो खाद्य और यूरिया की बोरी 50 किलो की आती थी, उसे आपने 40 किलो की कर दिया है। मुख्यमंत्री जी अपना धर्म निभाओ। उन्होंने किसानों से कहा कि यदि भाजपा के लोग वोट मांगने आए तो उन्हें एक मुट्ठी धान दो और दाम दो की बात कहे तब अंदर आने दे अन्यथा उन्हें बाहर कर दो।

## विजयवर्गीय ने बनाई चाय तो पटवारी ने तले पकौड़े

जिले में जनता की ओर अपनी ओर आकर्षित करने के लिए नेता पूरा प्रयास कर रहे है। जहां गत दिनों बालाघाट प्रवास पर आए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने चाय बनाई थी।

वहीं रविवार को बालाघाट प्रवास पर आए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने रोड-शो के दौरान गांव की एक हॉटल में पकौड़े तलते हुए कहा कि पहले मोदी सरकार कहती थी कि बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार मोदी सरकार लेकिन महंगाई कम नहीं हुई बल्कि महंगाई और बढ़ गई। इस बार जनता कहे कि बहुत हुई महंगाई की मार, अब नहीं चाहिए मोदी सरकार।

---

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष बीजेपी जॉइन करेंगे

# आज राजा लिल्हारे को मंत्री प्रहलाद पटेल दिलाएंगे सदस्यता

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



देश सहित पूरे प्रदेश में कांग्रेस नेताओं और अन्य राजनीति दलों के नेताओं का भाजपा में प्रवेश का सिलसिला लगातार जारी है। अब जिला पंचायत उपाध्यक्ष भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं।

8 अप्रैल को जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे ने आस्था मंगल भवन भटेरा चौकी में मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इसके आमंत्रण कार्ड में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद पटेल हैं। जिससे यह माना जा रहा है कि 8 अप्रैल को मंत्री प्रहलाद पटेल की मौजूदगी में राजा लिल्हारे अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

बीते दिनों बालाघाट प्रवास पर आए मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ लोधी समाज की सामाजिक बैठक में राजा लिल्हारे पास में बैठे नजर आए थे। इसके बाद से यह कयास लगाए जा रहे थे कि राजा लिल्हारे कभी भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

इस मामले में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे ने यह स्वीकार तो किया कि उनकी चर्चा चल रही थी। लेकिन बीजेपी शामिल होने को लेकर ठोस तौर से उन्होंने कुछ नहीं कहा है।

---

# बालाघाट के झांगुल में दिखे तेंदुए के तीन शावक

## देखने उमड़ी लोगों की भीड़, वनविभाग ने लगाया पहरा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के पूर्व बैहर वन परिक्षेत्र में झांगुल गांव के पास एक पहाड़ी पर तीन तेंदुआ शावकों के दिखाई दिए। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने मोबाइल से उसका वीडियो भी बनाया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।


ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थल पर तेंदुए के शावक दिखाई दिए, वहां नाग नागिन मेला लगता है। इसके पास ही ठाकुर देव पूजा स्थल है, जिससे इसे लोग धार्मिक आस्था से जोड़कर देख रहे है।हालांकि वन विभाग के अनुसार प्राकृतिक आवास के कारण अक्सर ऐसा होता है। जानकारी के अनुसार शनिवार को दो शावक चट्टान पर बैठे थे, जबकि एक अंदर चट्टान की गुफा में था। इस दौरान सभी आपस में अठखेलियां करते नजर आए।

बैहर एसडीओ शाक्यवार ने बताया कि दोपहर हमें तेंदुए शावकों के दिखाई देने की सूचना मिली थी। जिसके बाद हमने वहां वन अमले को तैनात किया है। मादा तेंदुआ भी आसपास ही होगी, लेकिन शावकों के दिखाई देने के बाद लगी भीड़ के कारण वह पास नहीं आ सकी। संभवतः रात तक मादा, अपने शावकों के पास आकर उन्हें ले जाएगी। जिस पर वन कर्मियों की नजर बनी हुई है।

---

# पीएम के दौरे की तैयारियां : 40 बाई 68 का होगा प्रधानमंत्री का मंच, पुलिस अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



9 अप्रैल को पहली बार प्रधानमंत्री बालाघाट आ रहे हैं। वे यहां उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए 40 बाई 68 स्क्वायर फीट का मंच बनाया जा रहा है।

वहीं मंच के सामने 500 बाई 100 स्क्वायर फीट का पंडाल और उसके दोनों ओर 168-168 स्क्वायर फीट के सब पंडाल बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा को लेकर उत्कृष्ट विद्यालय से एमएलबी रोड तक फुटपाथ पर जितनी भी दुकानें थी।

उन्हें हटाया जा रहा है। सभा के एक किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट रहेगी। वहीं बन रहे मंच और जनसभा की सुरक्षा को लेकर पुलिस और डॉग स्कॉड लगातार जांच में जुटी है।

रविवार को पंडाल का जायजा भाजपा युवा नेता मौसम बिसेन ने लिया। मैदान की सफाई में नगरपालिका का अमला जुटा है। इसके अलावा लगातार एयरफोर्स का प्लेन, आसमान में चक्कर लगा रहा है। इससे पूर्व 2014 में पीएम बालाघाट आए थे। अब 10 साल बाद पीएम फिर से बालाघाट आ रहे हैं। बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा भी बालाघाट आएंगे।

---

### 72 मोबाइल सेक्टर में आज और कल बनेंगे चलित मतदान केंद्र

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग ने आम लोकसभा निर्वाचन के दौरान चलित मतदान केंद्र के माध्यम से भी मतदान कराने का निर्णय लिया है। विधानसभा निर्वाचन की तरह ही इस वर्ष ऐसे मतदाता जो अपनी दिव्यांगता के कारण व 85 वर्ष से अधिक आयु होने से मतदान केंद्रों तक जाकर मतदान करने में सक्षम नहीं है। उनसे सहमति लेने के बाद चलित मतदान केंद्रों पर मतदान करने के निर्देश दिए है। हालांकि विधानसभा निर्वाचन में यह आयु 80 वर्ष से अधिक निर्धारित थी। पोस्टल बैलेट के नोडल अधिकारी श्री राजेश कुमार खोबरागड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में चलित मतदान केंद्र के लिए रूट निर्धारण कर अमले के आदेश जारी कर दिए गए है। जिले की 6 विधानसभाओं में चलित मतदान केंद्रों पर मतदान करने की सहमति देने वाले 1943 मतदाताओं के लिए दो दिन रविवार और सोमवार को चलित मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। जहां 85 वर्ष से अधिक आयु के 1189 व दिव्यांजन 754 मतदाता है जो आयोग के निर्णय का सम्मान व धन्यवाद करते हुए मतदान करेंगे।

---

# ईसीआई द्वारा आम चुनाव 2024 में गलत सूचनाओं के लिये माइथ वर्सेस रियालिटी रजिस्टर पोर्टल लांच

**बालाघाट।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में गलत सूचनाओं के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा लोकसभा निर्वाचन के लिये माइथ वर्सेस रियालिटी रजिस्टर लॉन्च किया गया है। इसे मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार और श्री सुखबीर सिंह संधू द्वारा निर्वाचन सदन, नई दिल्ली में लांच किया गया। माइथ वर्सेस रियालिटी रजिस्टर भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट (https://mythvsreality.eci.gov.in/) पर उपलब्ध है। रजिस्टर के तथ्यात्मक मैट्रिक्स को नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा। माइथ वर्सेस रियालिटी रजिस्टर की शुरूआत चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचनाओं से बचाने के लिए ईसीआई द्वारा किये जा रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

चुनावी अखंडता के लिए धन, बाहुबल और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के साथ-साथ विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिये गलत सूचनाओं का त्वरित प्रतिकार जरूरी है। विश्व स्तर पर कई लोकतंत्रों में गलत सूचना और झूठी कहानियों के प्रसार की बढ़ती चिंता के साथ, ईसीआई की यह अभिनव और सक्रिय पहल यह सुनिश्चित करने का एक विशेष प्रयास है कि मतदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान सटीक और सत्यापित जानकारियां ही मिलें। माइथ वर्सेस रियालिटी रजिस्टर पोर्टल में चुनाव अवधि के दौरान प्रसारित भ्रामक समाचारों, मिथकों और झूठ का प्रतिकार करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध रहेगी। इससे तथ्यों को प्रसारित कराने में मदद मिलेगी। इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप में डिज़ाइन किया गया है। यह रजिस्टर पहले से ही प्रचारित चुनाव संबंधी फर्जी जानकारी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले मिथक, महत्वपूर्ण विषयों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और सभी हितधारकों के लिए संदर्भ सामग्री प्रदान करेगा। किसी भी चैनल के माध्यम से प्राप्त किसी भी संदिग्ध जानकारी को मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर में दी गई जानकारी से सत्यापित और पुष्टि करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

---

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हर शिकायत को तत्परता से लें

# पेयजल के लिए कंट्रोल रूम पर आने वाली शिकायतों को सामान्य न माने

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या में निराकरण के लिए लोक स्वास्थ्य विभाग, नगरीय निकाय और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने लोक स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि पेयजल की समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न कंट्रोल स्थापित किये गए है। किसी भी कंट्रोल रूम पर आने वाली समस्या/ शिकायत को त्वरित सीरियसली लेंगे। साथ ही समस्या निवारण के लिए तत्काल प्रयास प्रारम्भ किये जायें। इसके अलावा फील्ड से तहसीलदार, सीएमओ या सीईओ आदि से कोई भी सूचना पेयजल से जुड़ी है। उस पर सक्रियता से कार्य करेंगे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा यह भी निर्देश दिए कि किसी क्षेत्र में जल स्त्रोत सुख रहे है तो राइजिंग पाइप डालकर समस्याओं का निराकरण करें। यदि कही निजी ट्यूबवेल या कुंआ अधिग्रहण करना है तो प्रस्ताव भेजें। वहीं किसी क्षेत्र में जल परिवहन किया जा रहा है तो उस क्षेत्र का भौतिक सत्यापन आवश्यक रूप से कर लेंवे। बिजली की समस्या के कारण कही भी पेयजल वितरण का कार्य प्रभावित नही हो यह सुनिश्चित किया जाए। जलकर वसूली आवश्यक है लेकिन नल कनेक्शन कांटे न जाये। कलेक्टर डॉ. मिश्रा में कुछ गाँवो में पेयजल की समस्या के सम्बंध में जानकारी भी ली। सम्बंधित सीईओ ने बताया कि स्थानीय स्तर समस्या का समाधान किया जा चुका है। जल स्त्रोत सुख रहे है तो बोरिंग मशीन ले जाकर खुदाई या कुँवा गहरीकरण आदि के कार्य प्रारम्भ करें। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके, बालाघाट नपा सीएमओ श्री निशांत श्रीवास्तव सहित समस्त सीईओ व सीएमओ मौजूद रहे।

## सार्वजनिक स्त्रोत में क्लोरीन डाला जाये

बैठक के दौरान जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने सभी सीईओ व सीएमओ से कहा कि जिले के सभी सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों में आवश्यक रूप से क्लोरीन का उपयोग किया जाए। लोक स्वास्थ्य विभाग इसकी भी चिंता आवश्यक रूप से करें।

---

### वृद्धाश्रम के मतदाता भी हुए मतदान करने के लिए जागरूक

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले मतदाता जागरूकता अभियान अपनी तेज गति के साथ हर एक मतदाता तक अपनी पहुँच सुनिश्चित कर रहा है। शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान में बिरसा में केंदाटोला के वृद्धाश्रम में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। जानकारी के अनुसार इस वृद्धाश्रम में लगभग 70 वर्ष से अधिक आयु के 22 वृद्ध और 4 दिव्यांगजन है। सभी ने मतदान करने का संकल्प भी लिया है। ज्ञात हो कि जिले में मतदाता अभियान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में संचालित है।

---

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर पीले चावल देकर मोदी की सभा का दिया आमंत्रण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं ने बूथों पर मनाया प्रत्येक कार्यकर्ता ने अपने-अपने घर पर,बूथ पर,मंडल पर भाजपा का झंडा लगाया गया,वहीं कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता,पं.दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैल्यचित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई,वहीं शक्ति केंद्र समिति के सदस्यों ने बूथ प्रभारी के तौर पर बूथों पर तैनात रहे,बूथ के वरिष्ठ नेताओं व वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को स्थापना दिवस कार्यक्रम में आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया और वरिष्ठजनों को वक्ता के रुप में उनके अनुभव को साझा किया गया , उसके उपरांत बुथो पर भ्रमण कर चौपाल पर चर्चा युवा व महिलाओं से चर्चा की गई,प्रथम बार वोट करने वाले युवाओं से चर्चा कर भाजपा के पक्ष में वोट करने के लिए संकल्प कराया गया , प्रत्येक बूथ पर 370+ वृद्धि के लक्ष्य को रखकर कार्यकर्ता लाभार्थीयों से सम्पर्क अभियान कर बुथ विजय का संकल्प पूरा करने जुटने का संकल्प लिया ।केंद्र सरकार,राज्य सरकार की उपलब्धियों की चर्चा कर,वहीं सबको मोदी जी की राम-राम भी कार्यकर्ताओं ने पहुँचाकर, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः 3 री बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प कार्यक्रम के दौरान दिलाया गया साथ ही आगामी 09 अप्रैल को बालाघाट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशाल आमसभा के लिये कार्यकर्ताओं सभी बूथों पर घर-घर पीले चावल डालकर निमंत्रण देकर आमजनों को जनसभा के लिये आमंत्रित किया,साथ ही बालाघाट-सिवनी लोकसभा भाजपा प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी जी को विजय बनाने का संकल्प भी लिया है* ज्वाइन भाजपा कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक युवाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं को भाजपा ज्वाइन भी कराई गई,आज बालाघाट नगर में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य तौर पर चंद्रप्रकाश मिश्र,पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन,पूर्व ज़िलाध्यक्ष रमेश रंगलानी,सत्यनारायण अग्रवाल,लता ऐलकर,अनिल धुवारे,भारती सुरजीत ठाकुर,संजय मिश्रा,संजय खण्डेलवाल,संजय पप्पू गौतम,सुरजीत सिंह ठाकुर,राकेश सेवईवार,गणेश अग्रवाल,राजेश बेदी,जैनेन्द्र कटरे,चन्द्रकांत पिपलेवार,अनीश मेमन,भारत चौधरी,यशवंत लिल्हारे,जुगनू जैसवाल,दीनू बसेने,पवन लिल्हारे,सुधीर चिले,गुलशन भाटिया,गणेश अग्रवाल,सरिता केवल सोनेकर,सिध्दार्थ शेण्डे,अजीत वैध,वकील वाधवा,मानक बर्वे,गिरीश कावड़े,सुशील वर्मा,सौरभ जैन,वंदना बारमाटे,गुडडा दुबे,खिमेन्द्र गौतम,योगिता विनय बोपचे,राजेन्द्र चौकसे,विनय बोपचे,खगेश कावरे,हीरा सिंह भाटिया,संगीता थापा,धीरज सुराना,अरूण राहंगडाले,राहुल बिसेन,राज हरिनखेरे,योगेश पप्पू बिसेन,मनोज हरिनखेरे,बण्डू पारधी,उज्जवल आमाडारे सहित सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने नगर के सभी 79 बूथों पर पहुँचकर कार्यक्रम को सफल बनाकर मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया ।

---

### मतदाता जागरूकता अंतर्गत आज होगी मैराथन

**बालाघाट।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज सुबह 7 बजे से मैराथन दौड़ का आयोजन मुलना स्टेडियम से रखा गया है। यह दौड़ मुलना स्टेडियम से प्रारंभ होकर अम्बेडकर चौक, हनुमान चौक व गुजरी चौक होते हुये वापस मुलना स्टेडियम में ही समाप्त होगी। सभी विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ स्टाफ़ के साथ उपस्थित होने का कष्ट करें साथ ही कॉलेज के 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं की उपस्थित अनिवार्य है।

---

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगने वाले अधिग्रहित वाहन 24 घण्टे बाद भी नही उपलब्ध कराने पर नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने प्रधानमंत्री भारत सरकार के प्रस्तावित बालाघाट भ्रमण कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर वाहनों का अधिग्रहण किया है। अधिग्रहित वाहनों के मालिकों को इसकी सूचना होने के 24 घंटे बाद भी वाहन उपलब्ध नही कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन अधिग्रहित 6 अप्रैल को प्रातः 11.30 बजे नोडल अधिकारी वाहन प्रबंधन पुलिस लाईन्स बालाघाट में उपलब्ध कराना था। लेकिन 07 अप्रैल 2024 को प्रातः10.30 बजे तक भी अधिग्रहित वाहन उपलब्ध नही कराया गया। कारण बताओ सूचना पत्र के माध्यम से निर्देश भी दिए है कि अधिग्रहित वाहन तत्काल इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे तथा लगभग 23 घंटो का समय व्यतीत हो जाने के पश्चात भी वाहन नही उपलब्ध कराये जाने के संबंध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे। अन्यथा यह मान लिया जावेंगा की इस आशय मे आपको कुछ नही कहना है एवं जानबूझकर आदेश के परिपालन मे लापरवाही मानते हुए भारतीय दण्ड प्रक्रिया सहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेंगी जिसके लिए आप व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

## अधिग्रहत वाहन जिन्हें जारी किया गया कारण बताओं सूचना पत्र

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिग्रहित किये गए वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कराने पर इनको कारण बताओ पत्र जारी किया गया।